सार-समाचार

विजय नंदवाना ने एस.डी.पी. डोनेट की

कोटा, (निसं)। टीम जीवनदाता निरंतर जीवनदायिनी बनते हुए लोगों की मदद कर एसडीपी व रक्त उपलब्ध करा रही है। ऐसे में निजी अस्पताल में भर्ती मरीज जोगिंदर सिंह की प्लेटलेट नहीं बढ़ रही, उन्हें लगातार एसडीपी चढ़ाई जा रही है। इससे पूर्व भी चिकित्सक उन्हें एसडीपी चढ़ा चुके हैं। एक बार फिर उन्हे, ए पॉजिटिव एसडीपी की आवश्यकता महसूस की गई, उनके परिजन सीधा अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे, और एसडीपी के लिए गुहार लगाई। उन्हें आश्वस्त किया कि शीघ्र ही उनकी व्यवस्था हो जाएगी। टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि ऐसी स्थिति में श्याम भक्त विजय नंदवाना को कॉल किया और उन्हें मरीज की गंभीर अवस्था के बारे में बताया। वह लंच कर करने जा रहे थे, लेकिन वह ऑफिस में सैफ के साथ बेहद जरूरी कार्य में व्यस्त थे, किंतु दर्द के सामने वो तुरंत दौड़े आए और अपना ब्लड सेंटर पहुंचे और 16वीं बार एसडीपी डोनेट की। वह से पूर्व 20 बार ब्लड डोनेशन कर चुके हैं नंदवाना का कहना है कि श्याम धणी हारे का सहारा बने थे, हमें भी जरूरतमंद का सहारा बनना चाहिए। वे सदेव ईश्वर के पुण्य प्रताप को बखूबी मानते है और स्वयं प्रयास करते है कि किसी को जरूरत हो तो दूसरे का दुख मिटाने का यथासंभव प्रयास करना चाहिए।

नशा मुक्ति की शपथ ली

कोटा, (निसं)। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट अपने सामाजिक सरोकारों के लिए संकल्पित है। समय-समय पर विभिन्न गतिविधियां के माध्यम से विद्यार्थियों में जागरूकता लाई जाती है। इन्हीं प्रयासों के तहत अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ ग्रहण कार्यक्रम किए गऐं। एलन के निदेशक डॉ.नवीन माहेश्वरी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के मंत्री डॉ.वीरेन्द्र कुमार के निर्देशन में देशभर में नशा मुक्त भारत अभियान सोमवार को आयोजित किया गया। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट ने इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाते हुए विद्यार्थियों को नशा मुक्ति के लिए जागरूक किया। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट में करीब 3.25 लाख विद्यार्थियों को नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलाई गई। एलन के देशभर के 64 शहरों के स्टडी सेंटर्स पर इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करने वाले करीब 3.25 लाख विद्यार्थियों को शपथ दिलवाई गई। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के साथ-साथ अपने आस-पास वालों को भी नशा करने से रोकने का प्रयास करने का संकल्प दिलवाया गया।

कोटा नागरिक सहकारी बैंक लि. बोरखेडा शाखा नए परिसर में स्थानांतरित

कोटा, (निसं)। कोटा नागरिक सहकारी बैंक लि.कोटा की बोरखेड़ा शाखा को स्थानांतरित कर सोमवार को बालाजी की बगीची के पास बोरखेड़ा, बारां रोड़ पर लोकार्पण किया गया। बैंक प्रबंध निदेशक बिजेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि लोकापर्ण समारोह के मुख्य अतिथि बैंक अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला रहे। उन्होंने भगवान, गणपति व महालक्ष्मी पूजन के साथ रिबन काट कर बैंक का लोकार्पण किया। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए बैंक अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला ने कहा कि वर्ष 2011 से संचालित बैंक शाखा बोरखेड़ा इस नवीन परिसर मे अपने पुराने विश्वास व पारदर्शिता के साथ बैंकिंग कार्य करेगी और नागरिक सहकारी की विभिन्न योजनाओं से जनता को लाभान्वित करती रहेगी। बिरला ने बताया 13 वर्षो से यह शाखा अनवरत कार्य कर रही है ऐसे में बैंक के बढ़ते आकार,सदस्य व कार्यों के लिए नवीन परिसर की आवश्यकता थी जिसे आज पूरा किया गया है।

नशा युवा पीढ़ी के लिए घातक, इसे छोड़ने के लिए युवा दृढ़ संकल्प लेवें

कोटा, (निसं)। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा में नशामुक्त भारत अभियान (विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र) के संदर्भ मे महानिदेशक, ड्रग्स रोकथाम, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, भारत सरकार के निर्देशानुसार नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कुलपति प्रो.एसके सिंह ने शिक्षकों कर्मचारीयों एवं छात्रों को शपथ दिलाई। सह-जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ नें बताया की आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में नशे के दुष्परिणाम के प्रति जागरूक करना था। कुलपति नें अपने उद्बोधन में सभी को नशे से दूर रहने की अपील की। किसी एक व्यक्ति की नशे की लत से पूरा परिवार और समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

'तिरंगा देशभक्ति की भावना जगाता है'

कोटा, (निसं)। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के आव्हान पर कोटा शहर में जिलाध्यक्ष राकेश जैन के नेतृत्व एवं भाजपा युवा मोर्चा के सहयोग से हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत हुई। कार्यक्रम संयोजक रितेश चितौड़ा ने बताया कि शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर 12 से 15 अगस्त तक स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रमों की वृहद् श्रृंखला बनाई गई है। ार्यक्रम सहसंयोजक कीर्तिकान्त गोयल ने बताया की कार्यक्रमों की श्रृंखला में भाजपा कोटा शहर के नेतृत्व में सरस डेरी शिवपुरा कोटा दक्षिण विधानसभा से भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुदर्शन गौतम, सहसंयोजक राहुल सिकरवार, के सानिध्य में भाजपा कार्यकर्ता तिरंगा बाईक रैली के माध्यम से शहीद स्मारक अण्टाघर चौराहे पर एकत्रित हुए।

शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

कोटा, (निसं)। राजकीय महाविद्यालय कोटा में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत् विकसित भारत का मंत्र भारत हो नशे से स्वतंत्र की थीम पर शपथ समारोह महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.प्रतिमा श्रीवास्तव के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा बताया गया कि नशा देश एवं समाज के लिए अभिशाप है। इससे मुक्त होकर ही समाज व नई पीढ़ी देश को उन्नति की और ले जा सकेगी। इस अवसर पर प्रभारी डॉ.सविता गुप्ता द्वारा महाविद्यालय को पूर्णतया ध्रुम्रपान/तम्बाकू मुक्त एवं नशा मुक्त करने की घोषणा की। शपथ ग्रहण समारोह में महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य/अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

नगर निगम ने शपथ दिलाई

कोटा, (निसं)। नगर निगम कोटा उत्तर के प्रशासनिक भवन मे सोमवार को ''सम्मान तिरंगा'' आयोजन के तहत निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीयध्वज का सम्मान करन, तिरंगा फहराने और इस हेतु भारत के ध्वजसंहिता का पालन करने की शपथ दिलाई गई। सभी ने शपथ के साथ ही संकल्प लिया कि वो खुद भी अपने घरों पर तिरंगा फहराएंगे और अन्य लोगों को भी अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करेंगे। जिससे समूचे देश मे राष्ट्र भक्ति की भावना प्रबल हो और देश अधिक मजबूत बने। शपथ कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ निगम उत्तर की अतिरिक्त आयुक्त भावना शर्मा ने दिलाई।

सावन भादों का त्यौहार मनाया

कोटा, (निसं)। माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा झालावाड़ रोड स्थित माहेश्वरी भवन पर ''सावन के रंग भादो के संग'' धूमधाम से संपन्न हुआ। माहेश्वरी समाज की 250 से अधिक महिलाएं इस कार्यक्रम उपस्थित रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपसभापति पश्चिमांचल अ.भा.माहेश्वरी महासभा राजेश कृष्ण बिरला व विशिष्ट अतिथि पूर्वी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के प्रदेशाध्यक्ष महेश चंद अजमेरा व मंत्री आन्नद राठी रहे। कार्यक्रम की निर्देशिकाएं किरण मांधना श्यामा बिरला पुष्पा सोमानी अंकिता राठी सुलोचना मोहता और सरोज लाहोटी द्वारा इस सुंदर आयोजन की रचना की गयी। कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रीय माहेश्वरी महिला अध्यक्ष आशा माहेश्वरी व हितकारी सहकारी समिति की अध्यक्षा सूरज बिरला का सानिध्य भी प्राप्त हुआ।

नवगठित कार्यकारिणी ने शपथ ली

कोटा, (निसं)। रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ का पद स्थापना एवं पुरस्कार वितरण समारोह कुन्हाड़ी स्थित निजी होटल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई वहीं पुराने पदाधिकारी का सम्मान किया गया। वर्षभर किए गए उत्कृष्ट कार्य करने पर वर्ष 2023-24 कि टीम को बधाई दी गई। नव-नियुक्त अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि पदस्थापन समारोह में अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राखी गुप्ता, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रद्युम्न पाटनी, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर निर्मल कुनावत, सहायक प्रांतपाल आनंद खंडेलवाल मंचासीन रहे।

खाद्य सुरक्षा टीम ने चार संस्थानों का निरीक्षण कर पांच नमूने लिये

कोटा, (निसं)। प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिलावट के खिलाफ अभियान के तहत अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह के मार्गदर्शन में आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण इकबाल खान एवं अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा एवं जिला कलेक्टर डॉ.रविंद्र गौस्वामी के निर्देशन में मिलावटखोरी रोकने के लिए विभिन्न खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए जा रहे हैं।

अभिहित अधिकारी एंव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जगदीश सोनी ने बताया कि दिनांक 12 अगस्त को झालावाड़ रोड़ पर स्थित सिटी मॉल में 4 फूड कोर्ट का निरिक्षण किया गया। लगातार कार्यवाही के चलते यहां जागरुकता देखने को मिली, सभी फूड कोर्ट ने अपने-अपने लाईसेंस लगा रखें थे। साफ सफाई संतोषजनक थी, अधिकांश स्थानों पर फूड हैंडलर्स के मेडिकल सर्टिफिकेट एंव पेस्ट कंट्रोल की रिपोर्ट पाई गई। टीपीसी मीटर द्वारा तेल की गुणवत्ता जांच करने पर तेल मानक स्तर का पाया गया। यहां पर स्थित द अमेरिकन रेस्टोरेंट से पनीर, सुरुचि फूड्स से पनीर, डोमिनोज पिज्जा से पनीर, सबवे रेस्टोरेंट से दो प्रकार से सांस का नमूना खाद्य सुरक्षा एंव मानक अधिनियम के तहत लिया गया। इस प्रकार 4 संस्थानों का निरीक्षण कर कुल 5 नमूने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अन्तर्गत लिए। लिए गए नमूनों को खाद्य सुरक्षा प्रयोगशाला कोटा में भेजा गया। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियम अनुसार विधिक कार्यवाही की जावेगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल, चंद्रवीर सिंह जादौन, नितेश गौतम मौजूद रहे।

कोटा में खाद्य सुरक्षा की टीम ने नमूने लेने की कार्यवाही की गई।

घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी हुई

- सॉफ्ट रोबोटिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑगमेंटेड रियलिटी की मदद से हुई सर्जरी

कोटा, (निसं)। कोटा हार्ट हॉस्पिटल में चिकित्सा के क्षेत्र में एक नया और महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया है। सीनियर जॉइंट रिप्लेसमेंट एवं लिगामेंट सर्जन डॉ. दुर्गा शंकर ढिल्लन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) की नवीनतम तकनीकों का उपयोग करते हुए घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी सफलतापूर्वक की। यह तकनीक कोटा में पहली बार उपयोग में लाई गई है और पिक्सी (पीआईएक्सइई) मेडिकल सॉफ्ट रोबोटिक की नी रिप्लेसमेंट तकनीक के माध्यम से इसे अंजाम दिया गया। डॉ. ढिल्लन ने बताया कि पिक्सी मेडिकल सॉफ्ट रोबोटिक की नी रिप्लेसमेंट तकनीक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑगमेंटेड रियलिटी का अद्वितीय मिश्रण है।

इस तकनीक में सर्जन सर्जरी के दौरान एआई ग्लास पहनते हैं, जिसमें एआई उन्हें सर्जरी की सटीक और विस्तृत प्लानिंग बताता है एवं यह एआई ग्लासेज न केवल ऑपरेशन के दौरान मरीज के घुटने की इमेज बनाते हैं बल्कि सर्जरी को रियल टाइम में और भी अधिक सटीकता के साथ कम समय में सम्पन्न करने में मदद करते हैं।

कम रक्तस्राव, कम दर्द एवं तेजी से स्वस्थ होने का वादा:-इस अत्याधुनिक तकनीक के उपयोग से सर्जरी के दौरान होने वाला रक्तस्राव बहुत कम हो जाता है, जिससे मरीज को जल्द स्वस्थ होने में मदद मिलती है। सर्जरी के अगले ही दिन मरीज बिना किसी सहारे के चलने में सक्षम हो सकता है और दर्द भी बहुत कम होता हैं।

डॉ. ढिल्लन ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान सर्जन को नेविगेशन गाईड, मरीज का डाटा और अन्य आवश्यक जानकारी लगातार मिलती रहती है, जिससे सर्जन को अधिक ध्यान केंद्रित एवं सटीकता से प्रत्यारोपण करने में सहायता मिलती है। टीम में एनेस्थेटिस्ट डॉ. ललित गोयल, डॉ. सलोनी भार्गव, फारूक, प्रेम सुमन, पवन, हरीश, चिराग़ शामिल रहे।

कोटा हार्ट हॉस्पिटल का मिशन- चिकित्सा में नवीनीकरण:- कोटा हार्ट हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. राकेश जिंदल ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य हमेशा से ही मरीजों को दुनिया में मौजूद सबसे नवीनतम और उन्नत तकनीकों का लाभ पहुंचाना रहा है। इस तकनीक का उपयोग न केवल सर्जरी की सफलता दर को बढ़ाता है बल्कि मरीजों के जीवन में भी गुणात्मक सुधार लाता है।

छात्रों ने राखीयां बनाई

कोटा, (निसं)। एलबीएस ग्रुप के चेयरमेन कुलदीप माथुर ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य विशेष बच्चों की सृजनशीलता को प्रोत्साहित करना और उन्हें पारंपरिक राखी बनाने और बांधने की प्रक्रिया में शामिल करना था, जो भाई-बहन के रिश्ते का प्रतीक है। इस कार्यक्रम में बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और रंग-बिरंगे धागों, मोतियों और अन्य सजावटी वस्तुओं का उपयोग करके अनूठी और सुंदर राखियां तैयार कीं। शिक्षकों और स्टॉफ सदस्यों ने छात्रों को मार्गदर्शन दिया, जिससे वे अपनी रचनात्मकता को वास्तविकता में बदल सकें। कार्यक्रम का शुभारम्भ एलबीएस ग्रुप के चेयरमेन कुलदीप माथुर द्वारा रिबन काट कर किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्य प्रिंयका मीना ने खुशी जताते हुए कहा, राखी बनाने के इस आयोजन ने न केवल हमारे छात्रों को अपनी सृजनशीलता को व्यक्त करने का मौका दिया, बल्कि उन्हें रक्षाबंधन के सांस्कृतिक महत्व को भी समझने का अवसर प्रदान किया।

दिव्यांगजनों ने तिरंगा रैली निकाली

कोटा, (निसं)। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सोमवार सायं किशोर सागर तालाब की पाल पर दिव्यांगजन रैली निकाली गई।

जिला कलेक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी ने दिव्यांग रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान की शपथ दिलाई। रैली किशोर सागर तालाब की बारहदरी से आरंभ होकर जेडीबी कॉलेज के सामने होते हुए स्टेडियम के सामने सैनिक चौराहा पर सम्पन्न हुई।

संयुक्त निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता सविता कृष्णिया ने बताया कि रैली में जिले के विभिन्न हिस्सों से लगभग 40 दिव्यांगजन मोटराइज्ड व्हिकल, ई-रिक्शा इत्यादि से पहुंचे और तिरंगा लेकर रैली में जयघोष के साथ हर घर तिरंगा का संदेश पहुंचाया।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला स्तर पर जिला कलक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को तिरंगे के साथ शपथ दिलवाई। जिला कलेक्टर ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान से नई पीढ़ी के साथ-साथ देश के सभी लोगों में देश के प्रति और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति गौरव और सम्मान बढ़ेगा।

उन्होंने कहा सभी विभाग प्रयास करें कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्राएं, तिरंगा रैलियां, तिरंगा दौड़ जैसे देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित कर प्रत्येक नागरिक को इस अभियान से जोड़ा जाए।

कोटा में दिव्यांगजन तिरंगा रैली निकाली गई।

विद्यालयों में आज का अवकाश घोषित

कोटा, (निसं)। मौसम विभाग द्वारा कोटा जिले में अत्यधिक भारी बारिश की संभावना के तहत रेड अलर्ट जारी किया गया है। रेड अलर्ट को देखते हुए जिले में संचालित कक्षा 1 से 12 तक के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में आज का अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए घोषित किया गया है। जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, कोटा डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने कक्षा 1 से 12 तक के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में आज का अवकाश घोषित किया।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम महस्विन आचार्य से बदलकर नया नाम महस्विन वशिष्ठ आचार्य रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-महस्विन वशिष्ठ आचार्य पुत्र यतीश आचार्य 2-एम-2 नियर रिद्धि सिद्धि पार्क रंगबाड़ी योजना कोटा

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम MOHAMMED SALIM KHAN से बदलकर नया नाम MOHD. SALIM रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-MOHD. SALIM पुत्र मोहम्मद अयुब खान 4-च-5 विज्ञान नगर कोटा

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम तस्नीम से बदलकर नया नाम तस्नीम सुसनेरवाला रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-TASNIM SUSNERWALA W/O SAFUDDIN सैफीपुरा सुनेल झालावाड़

अतिवृष्टि को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश

कोटा, (निसं)। प्रदेश एवं जिले में अतिवृष्टि को देखते हुए जिला कलक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभी उपखंड अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सभी को निर्देश दिए कि मौसम विभाग के अलर्ट पर सभी अधिकारी राहत कार्यों के लिए तैयार रहें।

जिला कलेक्टर ने कहा कि कोई भी पर्यटन स्थल जहां जल भराव या बाढ़ जैसी स्थिति हो सकती है वहां सुरक्षा मानकों का ध्यान रखें। उन्होंने कहा विभिन्न पुलिया, रास्तों में गढ्डों और दरारों से होने वाली दुर्घटनाओं के लिए विभाग सचेत रहे एवं तात्कालिक समाधान के लिए आवश्यक मरम्मत कार्य करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी नदियों में बढ़ते जलस्तर एवं नहरों में पानी की आवक का विशेष ध्यान रखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रखें। डॉ.गोस्वामी ने कहा कि किसी क्षेत्र विशेष में अधिक बारिश होती है तो औपचारिकताओं में देर ना करते हुए स्कूल में अवकाश आदि के निर्णय तुरंत लिए जाएं। उन्होंने कहा कि विभिन्न बांधों में जलस्तर बढ़ता है तो उसके लिए सभी ब्लॉक तैयार रहें एवं रेस्क्यू टीम को तैयार रखें। उन्होंने कहा कि पशुधन का भी विशेष ध्यान रखा जाए एवं उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाऐं। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि की स्थिति में सभी अधिकारी स्वयं मौके पर जाएं और राहत कार्यों को खुद की निगरानी में करवाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि वर्षा या अन्य प्राकृतिक कारण से होने वाले नुकसान के मुआवजे के किसी मामले को अनावश्यक लम्बित ना रखा जाए और उस पर तुरंत कार्रवाई की जाएं।

जिला कलक्टर ने कहा कि राजस्व संबंधी मामलों को भी ऑनलाईन फीड किया जाए एवं संपर्क पोर्टल पर आने वाले सभी परिवादों का निस्तारण शीघ्र किया जाए। उन्होंने कहा कि विभिन्न खंड स्तरीय एवं ग्राम स्तरीय जनसुनवाई में जो भी प्रकरण आ रहे हैं सभी अधिकारी उनका नियमित फॉलोअप करें एवं परिवादों का संतोषजनक निस्तारण करें। उन्होंने सभी उपखंड अधिकारियों से हर घर तिरंगा अभियान की प्रगति की समीक्षा की एवं होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी ली जिसमें सभी एसडीएम द्वारा बताया गया कि हर घर तिरंगा अभियान में रैली, मानव श्रृंखला पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली आदि के माध्यम से आमजन को जोड़ा जा रहा है।

पोस्टमैनों की बीट कम करने से डाककर्मियों में रोष व्याप्त

कोटा, (निसं)। राजस्थान डाक प्रशासन के अधिकारियों द्वारा कोटा शहर के दस वितरण डाकघरों में से डाक वितरण व्यवस्था बंद कर सम्पूर्ण कोटा शहर में दो डाकघरों से कराये जाने एवं साथ ही पोस्टमैनों की बीटें 79 में से आधी से कम करने की कार्य योजना को लेकर डाककर्मीयों में रोष व्याप्त है।

पेंशनर डाककर्मी राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि हाल ही में राजस्थान के मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल के द्वारा कोटा शहर की सम्पूर्ण डाक व्यवस्था जो कि वर्तमान में दस डाकघरों से की जा रही है उसे केवल दो डाकघरों से कराये जाने की कार्य योजना शीघ्र लागू करने हेतु कहा है तथा साथ ही सम्पूर्ण कोटा शहर में 79 पोस्टमैनों द्वारा डाक बांटी जा रही है जिन्हे लगभग आधी बीटें किये जाने के प्रस्ताव पर कार्य किया जा रहा है। डाक प्रशासन के इन दोनों ही निर्णयों से कोटा शहर की डाक व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ेगा तथा साथ ही आमजन को भी कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा। सेवानिवृत्त सहायक डाक निदेशक सत्य नारायण शर्मा ने बताया कि पिछले 15 वर्षों से कोटा शहर की बीटों को रिव्यू नही हुआ है। पिछले 15 वर्षो में कोटा शहर काफी बढ़ गया है ऐसे में सम्पूर्ण कोटा शहर में सुचारू डाक व्यवस्था के लिए कम से कम भी 150 से अधिक पोस्टमैन की बीट होना अति-आवश्यक है लेकिन डाक प्रशासन पोस्टमैनों की बीटे कम करने में लगा है जिसका काफी नकारात्मक प्रभाव डाक व्यवस्था पर पड़ेगा। डाक विभाग के अधिकारीयों को पोस्टमैन की बीटे बढ़ाने हेतु पत्र लिखा गया है।

सोलह श्रृंगार करके आई महिलाएं, नृत्य व कैटवॉक में दम दिखाया

कोटा, (निसं)। दाधीच महिला मंडल, कोटा द्वारा, श्री महर्षि दधीचि छात्रावास, कोटा प्रांगण में, 'सावन लहरिया महोत्सव एवं सावन क्वीन' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिला अध्यक्ष स्मिता शर्मा ने बताया कि विभिन्न आयु वर्ग में परिचय, कैटवाक एवं सोलह श्रृंगार की प्रतियोगिताएं रखी गई। महिलाओं राजस्थानी, बॉलीवुड और पंजाबी गीतों पर नृत्य भी करें। दाधीच समाज की महिलाओं ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर उत्साह से भाग लिया।

राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड

कोटा सुपर थर्मल पावर स्टेशन, कोटा-324008

ऑनलाइन/ऑफलाइन निविदा सूचना

निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमन्त्रित की जाती है:- 15265 (RVU2425GLOB00843) बाउल मील्स XRP-803/763 के लिए ग्राइंडिंग रोल, बुल रिंग सेगमेंट और एयर पोर्ट रिंग असेंबली एवं 15264 (RVU2425GSOB00842) हाई टेम्प्रेचर सीलिंग कंपाउंड हाइसील 80-20। विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in (ई-निविदा हेतु), www.energy.rajasthan.gov.in/rvunl एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/24/3598 RVUN/PR-4038 मुख्य अभियंता (के.एस.टी.पी.एस.)

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2024/1964 विज्ञप्ति दिनांक:-12.8.2024

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम देवली अरब योजना सांई धाम नगर नगर खसरा नं. 23 व 24 में स्थित भूखण्ड संख्या 63 के नाम हस्तान्तरण करने हेतु न्यास कार्यालय में श्री सुरेन्द्र सिंह पुत्र श्री कमल सिंह निवासी-जे-6, पुलिस लाईन कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त का पट्टा क्रमांक 536 दिनांक 02.10.2021 को श्री जवीर सिंह पुत्र श्री जगन सिंह के पक्ष में जारी किया गया था। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड बैचान जर्ये पंजीकृत मुख्तारआम श्री आशिक अली द्वारा जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 05.04.2024 से श्री सुरेन्द्र सिंह पुत्र श्री कमल सिंह को कर दिया गया है।

अत: श्री सुरेन्द्र सिंह पुत्र श्री कमल सिंह के नाम हस्तान्तरण किये जाने में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उप सचिव, कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2024/1949 विज्ञप्ति दिनांक:-12.8.2024

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम कोटडी में स्थित कृषि भूमि योजना कृष्णा नगर खसरा नं. 147, 147/379 में स्थित भूखंड संख्या सी-6 आवेदक/आवेदिका श्री सचिन अग्रवाल पुत्र स्व. श्री हरीश चन्द अग्रवाल निवासी सी-6 कृष्णा नगर पुलिस लाईन जिला कोटा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 1129 दिनांक 25.09.2002 को श्रीमती मीना सोनी पत्नी श्री मनोज कुमार सोनी के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखंड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 26.10.2004 को जर्ये मुख्तारआम मोहन सिंह चौधरी पुत्र श्री मूलीराम द्वारा श्रीमती विमलेश अग्रवाल पत्नी श्री हरीश चन्द्र अग्रवाल एवं श्री संजय अग्रवाल व सचिन अग्रवाल पिसरान श्री हरीश चन्द्र अग्रवाल के पक्ष में किया गया है। सहक्रेता श्रीमती विमलेश अग्रवाल की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 01.08.2015 को एवं श्री संजय अग्रवाल की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 17.08.2011 को हो चुकी है। श्रीमती विमलेश अग्रवाल एवं संजय अग्रवाल द्वारा अपने जीवनकाल में जर्ये रजि. वसीयत दिनांक 27.09.2023 को आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अत: श्री सचिन अग्रवाल पुत्र स्व. श्री हरीश चन्द अग्रवाल के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण

कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2024/8097 दिनांक: 8.8.24

स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रकाश साहनी पुत्र स्व. यू.टी. साहनी निवासी 59 बी तलवण्डी योजना कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड संख्या 59 बी तलवण्डी योजना कोटा क्षेत्रफल-4125 वर्गफुट का कार्यालय नगर विकास न्यास कोटा के पत्र क्रमांक : एफ 1() सामान्य/74/9852-79 दिनांक 02.08.1974 से श्रीमती चन्द्रकान्ता पत्नी श्री मदन लाल को किया गया। श्रीमती चन्द्रकान्ता पत्नी श्री मदन लाल ने जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 26.09.1986 से उक्त भूखंड श्री प्रकाश साहनी पुत्र स्व. यू.टी. साहनी एवं सुश्री रतना साहनी पुत्री श्री यू.टी. साहनी को विक्रय कर दिया गया है। सुश्री रतना साहनी पुत्री श्री यू.टी. साहनी द्वारा उक्त भूखंड में से अपने हिस्से की वसीयत अपने भाई श्री प्रकाश साहनी पुत्र स्व. यू.टी. साहनी के नाम कर दी गई है। सुश्री रतना साहनी पुत्री श्री यू.टी. साहनी की मृत्यु दिनांक 03.09.2023 को हो गई है। श्री प्रकाश साहनी पुत्र स्व. यू.टी. साहनी के पक्ष में नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जानी है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखंड के स्वामित्व नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

अधिकारी जल भराव वाले स्थानों पर स्वयं जाकर कार्रवाई करें : कलेक्टर

कोटा, (निसं)। विभागीय योजनाओं की प्रगति एवं अंतर विभागीय समन्वय समीक्षा बैठक जिला कलक्टर डॉ.रविंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने प्रभारी सचिव द्वारा दिए गए निर्देशों की समीक्षा की एवं सभी विभागों को बजट घोषणाओं से संबंधित ज